वर्ष- 02 अंक- 134

छपरा

4 अप्रैल, शुक्रवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

वक्फ बिल राज्यसभा में पेश

## किरेन रिजिजू बोले- वक्फ में गैर-मुस्लिमों का दखल नहीं होगा, कांग्रेस ने कहा- यह मुस्लिमों के खिलाफ

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल राज्यसभा में पेश किया। उन्होंने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।

रिजिजू ने कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।



विपक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा- बीजेपी को लोकसभा चुनाव में मेजॉरिटी नहीं मिली। इसलिए ये पोलराइजेशन करना चाह रहे हैं। सभी जानते हैं कि देश में कौन ध्रुवीकरण करता है। बिल मुस्लिमों के खिलाफ है। ये बिल मिसइन्फॉर्मेशन कैंपेन पर है। पूरा गोदी मीडिया इसमें लग गया।

ये लोग जितने अमेंडमेंट्स लाए हैं, वो संविधान के खिलाफ हैं। ये वन नेशन, वन लॉ बोलते हैं, लेकिन इसे वॉयलेट करते हैं। देश में जितने हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई हैं, सबके लिए एक कानून होना चाहिए। ये लोग भेदभाव कर रहे हैं। मैं दावे के साथ कहता हूं कि बिल टारगेटेड है। आप जिस तरह के कानून लेकर आ रहे हैं, वे धर्म के आधार पर हैं।

### खड़गे ने कहा- मेरे पास वक्फ की एक इंच जमीन नहीं

इससे पहले राज्यसभा में सुबह भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर बुधवार को दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया। दरअसल, ठाकुर ने कहा था कि कर्नाटक में वक्फ की जमीन का भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे भी शामिल हैं। इस पर खड़गे ने कहा- आरोप सिद्ध करें या इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा- अनुराग ठाकुर उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, तो मैं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा।

### संजय सिंह बोले- भाजपा सरकार ने कहा था वक्फ संपत्तियां डिजिटल हो चुकी हैं

संजय सिंह ने कहा कि साल 2020 में भाजपा सरकार ने शपथ पत्र देकर कहा था कि वक्फ संपत्तियां डिजिटल हो चुकी हैं। केंद्र की भाजपा सरकार की मंशा देश में दंगा कराने की है। केंद्र सरकार देश में नफरत फैला रही है। मुस्लिमों को ठीक करने के नाम पर हिंदुओं का नुकसान कर रही है।

### तृणमूल सांसद ने कहा- कल अन्य मजहबों की जमीनों पर भी सरकार की नजर होगी

नदीमुल हक ने कहा कि ट्रिब्यूनल के फैसले फाइनल होते थे। ये बिल लीगल प्रोसेस को लंबा करेगा। इसके तहत भेदभाव होगा। ये बिल संघीय ढांचे पर हमला है। ये एक खतरनाक मिसाल कायम करेगा। आज वक्फ की जमीनों पर नजर है, कल चर्च, मंदिर, गुरुद्वारे पर भी ये कानून लागू हो सकता है।

## राहुल बोले :चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई

### विदेश सचिव गलवान के शहीदों पर केक काट रहे ;पीएम चिट्ठियां लिख रहे




**नई दिल्ली,एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हमारी वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बोलते हुए राहुल ने कहा- हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई।

राहुल का तंज- भाजपा की फिलॉसफी हर विदेश के सामने सिर झुकाती मोदी सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी ने कहा- एक तरफ आपने चीन को हमारी जमीन दे दी और दूसरी तरफ अमेरिका ने हम पर टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगा दिया। इससे देश की ऑटो इंडस्ट्री, फार्मास्यूटिकल्स और एग्रीकल्चर को पूरी तरह से तबाह हो जाएगी।

राहुल ने कहा- एक बार किसी ने इंदिरा जी से पूछा कि विदेश नीति के मामले में आप बाएं झुकती हैं या दाएं। इस पर उन्होंने जवाब दिया की मैं बाएं या दाएं नहीं झुकती। मैं भारतीय हूं और सीधी खड़ी हूं। भाजपा और RSS की फिलॉसफी अलग है। जब उनसे पूछा जाता है तो वे कहते हैं नहीं, नहीं, हम हर विदेशी के सामने अपना सिर झुकाते हैं। यह उनके इतिहास में है, हम जानते हैं। सरकार को जवाब देना चाहिए कि वह अमेरिकी टैरिफ पर क्या कर रही है। बीते दिन अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत जैसे को तैसा टैक्स लगाने की घोषणा की है। अमेरिका ने कहा गया है कि भारत अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा इंपोर्ट ड्यूटी (आयात शुल्क) लगाती है।

### मुसलमानों के लिए भाजपा की चिंता देखकर जिन्ना को भी शर्म आ जाएगी , उद्धव ठाकरे का सरकार तंज



**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को केंद्र की मोदी सरकार पर कटाक्ष किया। कोर्ट ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा और उसके सहयोगियों की ओर से दिखाई गई चिंता पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना को शर्मिंदा कर देगी। लोकसभा से विधेयक पारित किए जाने के कुछ घंटों बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी विधेयक पर भाजपा के कपटपूर्ण रुख और जमीन छीनकर अपने उद्योगपति मित्रों को देने की उसकी चाल का विरोध करती है।

### सुप्रीम कोर्ट के जज संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ज्यूडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

### न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक केस में 168 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

**मुंबई,एजेंसी।** न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में कथित गबन के मामले में पांच आरोपियों की 167.85 करोड़ रुपये की 21 संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा। मुंबई की एक अदालत ने पुलिस को कुर्की की मंजूरी दे दी है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 107 के तहत शहर में यह पहली ऐसी कार्रवाई होगी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बुधवार को मजिस्ट्रेट अदालत से मंजूरी मिलने के बाद कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## भागवत बोले- शिवाजी महाराज ने विदेशी आक्रमणों का चक्र तोड़ा



- भारत हार की परंपरा से जूझ रहा था, उन्होंने यह दौर खत्म किया, इसलिए वे युगपुरुष

**नागपुर,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने बुधवार को नागपुर में एक बुक लॉन्च इवेंट में कहा- छत्रपति शिवाजी महाराज ने देश में सदियों से चल रही विदेशी आक्रमणकारियों से हार की परंपरा को खत्म किया। उन्होंने देश में आक्रमणों के चक्र को तोड़ा। इसलिए उन्हें युगपुरुष कहा जाता है। भागवत ने कहा- युद्ध हारने की यह परंपरा सिकंदर महान के समय से लेकर इस्लाम फैलाने के नाम पर हुए बड़े हमलों तक जारी रही। भारत की व्यवस्थाओं को नष्ट किया जाता रहा। विजयनगर साम्राज्य और राजस्थान के राजा भी इसको लेकर कोई समाधान नहीं निकाल पाए।

**मोहन भागवत ने कहा-**
औरंगजेब की कैद से निकलकर जीते अपने किले भागवत ने शिवाजी महाराज की वीरता को याद करते हुए कहा- जब उन्हें औरंगजेब ने आगरा में कैद किया था, तब उन्होंने वहां से निकलकर दोबारा अपने किले जीते। उन्होंने शांति समझौते में जो कुछ भी देने पर सहमति जताई थी, उसे वापस जीत लिया और खुद को छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में स्थापित किया। उनका राज्याभिषेक इन आक्रमणकारियों के अंत का प्रतीक बना।

भारत लंबे समय तक हार की परंपरा से जूझता रहा। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य स्थापित हुआ। शिवाजी महाराज पहले व्यक्ति थे जिन्होंने ऐसे हमलों और आक्रमणों का समाधान निकाला। विदेशी आक्रमणकारियों से लगातार हार का दौर शिवाजी महाराज के उदय के साथ समाप्त हो गया।

## बैंकॉक में 'रामकियेन' देखने के बाद पीएम मोदी ने कहा- 'दिलों और परंपराओं को जोड़ती है रामायण'





**नई दिल्ली/बैंकॉक,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बैंकॉक पहुंचने पर रामायण के थाई संस्करण 'रामकियेन' को देखा। 'रामकियेन' भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है।

**पीएम मोदी ने थाई रामायण की आकर्षक तस्वीरों को सोशल मीडिया पर किया पोस्ट :** पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, 'एक अद्वितीय सांस्कृतिक जुड़ाव! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।' उन्होंने लिखा, ÷रामायण एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है।÷ इससे पहले आज दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका स्वागत 'मोदी मोदी' और 'वंदे मातरम' के जोशीले नारों से किया। थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट ने कई शीर्ष अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। होटल पहुंचने पर उनका स्वागत गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य के साथ किया गया। पारंपरिक परिधान पहने हुए भारतीय प्रवासी बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए एकत्र हुए। सिख, गढ़वाली और गुजराती समुदाय के लोग प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड में हैं पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड में हैं। वह 4 अप्रैल को क्षेत्रीय नेताओं के साथ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

**भारत-थाईलैंड संबंधों को मजबूत करने के लिए थाई नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे पीएम मोदी** -पीएम मोदी भारत-थाईलैंड संबंधों को मजबूत करने के लिए थाई नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। बैंकॉक में आगमन के बाद, प्रधानमंत्री का भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है, जिसमें वह भारत और थाईलैंड के बीच गहरे सांस्कृतिक, आर्थिक संबंधों को रेखांकित करेंगे।

इससे पहले, अपने प्रस्थान वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा, ÷प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनवात्रा के निमंत्रण पर, मैं आज थाईलैंड की आधिकारिक यात्रा और छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हो रहा हूं।

मुंबई में काम करना है, तो मराठी सीखनी होगी

### एमएनएस कार्यकर्ता की बैंक मैनेजर को चेतावनी, वीडियो वायरल, राज्य भाषा में काम करने का दवाब बनाया

**मुंबई,एजेंसी।** देश में बढ़ते भाषा विवाद के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने राज्य की सभी बैंकों में मराठी को अनिवार्य बनाने की अपनी मांग तेज कर दी है। बुधवार को मुंबई में ये विवाद और तेज हो गया जब स्न्रहस कार्यकर्ता एक बैंक में घुस गए और मैनेजर पर मराठी में ही बात करने का दबाव बनाने लगे। कार्यकर्ताओं ने मैनेजर पर आरोप लगाया कि वह ग्राहकों से बातचीत करते समय मराठी में बात नहीं कर रहा है। इस झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कार्यकर्ताओं को यह कहते सुना जा सकता है कि अगर यहां नौकरी करनी है, तो मराठी सीखनी होगी। हालांकि, बैंक प्रबंधक ने कहा कि बैंक देश में स्वीकार्य किसी भी आधिकारिक संचार भाषा का इस्तेमाल अपने काम-काज के लिए कर सकता है।

## मुंबई में लॉरेंस गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

- क्राइम ब्रांच ने 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए, निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार, 2 अप्रैल को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था।


क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लॉरेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है।

गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं।

दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

कंगना रनोट पर विक्रमादित्य का निशाना

### बोले-सांसद के पास मंडी के लिए समय ही नहीं, 11 महीने देरी से गठित की दिशा कमेटी





**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा, कंगना को सांसद बने हुए एक साल बीत गया हैं। मगर, जब से वह सांसद चुनी गई हैं, तब से दो बार ही हिमाचल में नजर आई हैं। एक बार जब कंगना ने मनाली में अपना निजी रेस्टोरेंट खोला और दूसरी बार एक मीटिंग में नजर आई थीं। इसके अलावा कंगना ने मंडी की जनता को दर्शन नहीं दिए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, मंडी में 11 महीने देरी के बाद जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समितियां (दिशा) प्रो डेवलपमेंट कमेटी का गठन किया, जबकि किसी भी लोकसभा के विकास की रेखा दिशा कमेटी तय की जाती है। हर जिला में सांसद की दिशा कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता करती है। मंडी संसदीय क्षेत्र में मंडी के अलावा कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर और शिमला जिला का रामपुर विधानसभा क्षेत्र भी आता है। लिहाजा इन सभी जिलों में सांसद की अध्यक्षता में दिशा कमेटी की मीटिंग MP द्वारा ली जाती है।

### यूपी की धनवर्षा गैंग से 350 लड़कियों के वीडियो मिले

**कौन हैं, पता नहीं; पोर्न साइट को बेचने का भी शक**

**संभल,एजेंसी।** यूपी के संभल में धनवर्षा गैंग ने 350 से ज्यादा लड़कियों को अपने जाल में फंसाया है। ये गैंग पुलिस के सामने अब भी अड़ी है कि तंत्र-मंत्र करने पर आसमान से नोटों की बारिश होती है। बशर्ते तंत्र-मंत्र के सारे नियम पूरे होने चाहिए। मसलन, लड़की की लंबाई साढ़े पांच फीट से कम न हो। उसने किसी से यौन संबंध नहीं बनाए हों। कभी किसी कुत्ते या बिच्छू ने नहीं काटा हो। इस तरह के कुल 20 नियमों पर अगर कोई लड़की खरी उतरती हो तो धन की बारिश होती है।

पुलिस को अब तक की जांच में गैंग मेंबरों के मोबाइलों से करीब 350 लड़कियों के फोटो-वीडियो मिले हैं। ये लड़कियां कौन हैं? कहां की रहने वाली हैं? अब किस स्थिति में हैंड्इस बारे में कोई खबर नहीं है। पुलिस अब पूरे प्रदेश में फोटो भेजकर इन लड़कियों की तलाश करा रही है। अगर लड़कियां मिसिंग हैं तो उनके मर्डर या फिर ट्रैफिकिंग का भी शक पुलिस को है।

हाईकोर्ट की टिप्पणी :

## अलग हुए पति-पत्नी अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं



**मुंबई,एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एक अहम टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि अलग हुए माता-पिता अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। पीठ ने एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। महिला ने अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में सिर्फ अपना नाम दर्ज कराने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने महिला की याचिका खारिज कर दी।

**वैवाहिक विवाद कई मुकदमों को जन्म देते हैं**-उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के जस्टिस मंगेश पाटिल और जस्टिस वाई जी खोबरागड़े ने 28 मार्च को दिए आदेश में कहा कि परिजनों में से कोई भी अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर किसी अधिकार इस्तेमाल नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि ये याचिका इस बात का उदाहरण है कि वैवाहिक विवाद किस तरह से कई अन्य मुकदमों को जन्म देते हैं। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता महिला की याचिका खारिज करते हुए उस पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीठ ने कहा कि यह याचिका कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है और इससे अदालत का कीमती समय बर्बाद हुआ है।

### गोल्ड स्मगलिंग केस में तीसरा आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु,एजेंसी।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े गोल्ड स्मगलिंग केस में तीसरे आरोपी साहिल जैन को स्पेशल कोर्ट ने 7 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राजस्व खुफिया निदेशालय बुधवार को उसे हिरासत पूरी होने के बाद बुधवार कोर्ट में पेश किया। सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को 26 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) ने बेल्लारी से अरेस्ट किया था। यह केस में तीसरी गिरफ्तारी थी। साहिल पर सोने को ठिकाने लगाने में रान्या की मदद का आरोप है। साहिल जैन मूल रूप से कर्नाटक के बल्लारी का रहने वाला है और मुंबई में अपने मामा के साथ रह रहा था। इससे पहले भी मुंबई में उसे सोना तस्करी के एक दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिसमें 6.9 किलोग्राम सोना जब्त किया गया था। जांच में सामने आया कि बीते 10 महीनों में उसने लगभग 180 किलोग्राम तस्करी किए गए सोने को हासिल किया था, जिसकी कीमत करीब 66 करोड़ रुपए थी। इससे पहले 27 मार्च को रान्या राव की तीसरी जमानत याचिका गुरुवार को बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। दरअसल, कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 3 मार्च को 14.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 मार्च को उसके दोस्त तरुण

# छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण कर की पूजा-अर्चना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के चार दिवसीय कठिन महापर्व चैती छठ व्रत के निमित्त महिला/पुरुष व्रतियों द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ भक्तिमय वातावरण में गुरूवार की संध्या वर्तधारी अपने-अपने सुविधानुसार दक्षिण वाहनी गंगा नदी पहलेजाघाट, सोनपुर नरायणी नदी सहित अन्य नदियों,तलाबों के अलवा घरों के आसपास कृतिम छठ घाट एवं छतों पर बने अस्थायी जलाशयों में करबद्ध होकर व्रतियों ने कलसूप में ईख, नारियल, केला,खजुरी, विभिन्न प्रकार के ऋतुफल,मिठाई, नैवेद्य आदि के साथ पूजा समाग्री रखकर भगवान सूर्य देवता को खुले आंखों से दर्शन कर डूबते सूर्य के अर्घ्य अर्पण एवं पूजन कर घर-परिवार एवं सगे संबंधियों के लिए शांति, सुख समृद्धि एवं निरोगी काया के लिए मंगलमय कामना की। गांव से लेकर शहर तक छठ पूजा स्थल के



पास जुटे व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा क्षेत्र धार्मिक उत्साह में सराबोर हो रहा था। वही पुरुष वर्ग सर पर दउरा में रखे पुजन समाग्री लेकर आगे बढ़ रहे थे जबकि महिलाएं घर से निकलकर उनके पीछे छठ गीत गाते गाते हुए छठ घाट पर पहुंची। महिलाओ के मधुर कठ से निकली छठ गीत गायी -- एजी फलां बाबू पेन्हीना पियरिया.. दऊरा घाटे पहुंचाए ! ऊजे कांचे ही बांस के बहंगिया.. बहंगी लचकत जास.! आदि छठ व्रत से जुड़े धार्मिक एवं पारंपरिक गीतों एवं गाजे बाजे की आवाज से पूरा वातावरण में भक्ति रसास्वादन हो रहा था। छठ घाटों पर पहुंचे बच्चे पटाखे, फुलझड़ी उड़ा कर खुश में लीन दिखे वहीं शहर से लेकर ग्रामीण व्रति एवं श्रद्धालु छठी मइया एवं भगवान भास्कर की पूजा अर्चना व भक्ति में लीन रहे । वहीं दूसरी ओर संध्याकालीन व्रत धारी ने छठ घाट पर भगवान भास्कर के अर्ध्य देने के बाद घर पर पहुंचकर मन्नत पूर्ण होने वाले वर्तधारियों ने कोसी भराई का रसमे अदा की। छठ व्रत को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सोनपुर प्रशासन ने पहलेजा घाट एवं नारायणी नदी सहित अन्य महत्वपूर्ण छठ घाटों पर पहुंचकर किसी प्रकार के अप्रिय घटना न हो इसके लेकर विधि व्यवस्था पर डटे रहे। व्रत धारी की सुरक्षा को देखते हुए नदियों में बैरिकेडिंग एवं एसटीआरएफ की टीम की तैनाती के अलवा महिला पुरुष पुलिस बल को तैनाती की गई थी।

## नदी किनारे छठ महापर्व में व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित की अर्ध्य

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के नगवां गांव किनारे मही नदी के किनारे छठ महापर्व की पावन बेला में छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। छठ पर्व स्वच्छता, श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का अनुपम संगम है, जहां व्रती महिलाएं पूरे चार दिनों तक कठोर उपवास रखते हुए छठी मइया की उपासना करती हैं। छठ व्रत का पहला अर्घ्य अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जाता है, जबकि दूसरे दिन उदीयमान भगवान भास्कर को जल अर्पित कर इस महापर्व का समापन किया जाता है। छठ पूजा के दौरान महिलाएं छठी मइया के भजन गाती हुई भक्तिमय वातावरण का निर्माण करती हैं।श्रद्धालु महिलाओं का मानना है कि इस कठिन व्रत को सच्चे मन और श्रद्धा से करने पर भगवान सूर्य उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर नदी घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई थी।छठ पर्व पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने श्रद्धा एवं उल्लास के साथ इस पर्व को संपन्न किया।

## चैता गायन के गीतों से गूंजा बाबा मोहब्बतनाथ मठिया का शिव प्रांगण



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत स्थित बाबा मोहब्बतनाथ शिव मंदिर प्रांगण में चैता गायन का कार्यक्रम बुधवार की रात्रि आयोजित हुआ. वरिष्ठ गायक कलाकार व पूर्व रक्षा निदेशक प्रो सत्यदेव राय ने पारम्परिक घांटो चैता ए रामा सुरसती मातवा,जोड़ीले दुनू हाथवा ए रामा कंठे सुरवा होख ना सहइया ए रामा से कार्यक्रम का प्रारम्भ किया. फिर राम जन्म, लौह पुरुष बल्लभ भाई पटेल आदि पर आधारित अध्यात्मिक व देश भक्ति चैता गायन कर कार्यक्रम की उच्चाई प्रदान की। प्रो राय ने संगत वादक गायक कलाकारों को जल्द ही राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने की बात कही।मौके पर स्थानीय लोक गायक रामेश्वर गोप व गुरुचरण भारती ने भी कई पारम्परिक चैता गायन की प्रस्तुति दी. संगत कलाकारों में शशि कुमार भारती,बलिराम भारती ,धर्मदेव भारती, अवधेश राय, बैकुंठ राय अखिलेश राय आदि थे.

## अस्तलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के लिए छठ व्रतियों की उमड़ी भीड़

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी के प्रसिद्ध रामघाट पर गुरुवार की शाम छठ पर्व पर अस्तलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के लिए छठ व्रतियों की भारी भीड़ उमड़ी। इससे पहले माँझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार ने राम घाट पर स्थानीय समिति द्वारा छठ व्रतियों के लिए लगाए गए पण्डाल का फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में छठ पूजा को आस्था तथा पवित्रता का महान पर्व बताया। समारोह को अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार तथा ई सौरभ सन्नी आदि ने भी सम्बोधित किया। समारोह में बीडीओ रंजीत कुमार सिंह,सीओ अभिषेक सौरभ,नगर पँचायत प्रतिनिधि बिट्टू राय,पूर्व मुखिया सत्यनारायण प्रसाद यादव,हरेन्द्र सिंह,सुरेश यादव सहित अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद थे। समारोह का संचालन शिक्षक रंजन शर्मा ने किया। उधर माँझी के राम जानकी घाट, बैरिया घाट, बाबा मधेश्वर नाथघाट, डुमरी, ड्यूमाइगढ, ताजपुर, मुबारकपुर, महम्मदपुर, दुर्गापुर, धनी छपरा,कौरुधौरु एवम मझनपुरा छठ घाटों पर भी बड़ी संख्या में व्रतियों ने अर्घ्यदान किया। माँझी नगर पँचायत द्वारा स्थानीय छठ घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर बेरिकेटिंग कराई गई थी तथा नाव समेत गोताखोरों को तैनात किया गया था। नगर पँचायत द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई की भी मुकम्मल ब्यवस्था की गई थी। मांझी रेलपुल समेत अन्य स्थानों पर जगह जगह पुलिस को तैनात किया गया था।

## छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्ध्य, घाटो पर उमड़ी भीड़

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी गुरुवार की संध्या पहर में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा संपन्न हो गई। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के सतीवारतीर,मालिक घाट, हनुमानगंज, गोपालवाड़ी कौलेशवरी घाट समेत प्रखंड क्षेत्र के अरना, कवलपुरा, डुमरसन, चालीस आरडी, चांद कुदरिया, बहादुरपुर, सोनौली, दुरगौली, खजुरी,सेमरी समेत अन्य गांवों के घाटो पर व्रती महिला-पुरुष ने स्नान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस के सूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल, केला रखकर डूबते हुए सूर्य को नदी घाटों पर अर्घ्य किया। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने विधि व्यवस्था को लेकर अलग अलग जगहों पर पुलिस बल लगाएं रखा। ग्रामीण अंचलों में कुछ जगहों पर पोखर और तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती व उनके स्वजन अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा-अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी की कोशी की छठी के रूप में पूजा की। आचार्य टुन्ना बाबा ने कहा कि लोक आस्था का पर्व छठ कृषि से जुड़ा है। कार्तिक व चैत्र मास में यह पर्व तब मनाया जाता है जब नई फसलें कट कर किसानों के घर आ जाती है। अनाज से घर भरने को किसान सूर्य देव की कृपा मानते हैं। अन्न-धन से जब घर भर जाता हैं तो किसान परिवार सूर्य भगवान व उनकी बहन छठी मैया का आभार प्रकट करने को छठ पर्व मनाते हैं। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय महा पर्व का समापन होगा।

## मैट्रिक-इंटर बोर्ड परीक्षा में देवपुरा ग्राम पंचायत की टॉपर बेटियों को किया गया समारोह पूर्वक सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कचहरी देवपुरा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटर में सफल बच्चों को सम्मानित किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया मुन्ना शाही, राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर और भानु कुमार सोनी उपस्थित रहे.कार्यक्रम की शुरुआत विकास कुमार द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई. मंच का संचालन मुन्ना कुमार जी ने किया. इस सम्मान समारोह में पंचायत स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को साइकिल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.मैट्रिक में प्रथम स्थान पर इंटहरी गांव निवासी पत्रकार निपुन सिंह की पुत्री पलक कुमारी, इंटर विज्ञान




संकाय में नूर जहां और कला संकाय में सृष्टि कुमारी रहीं. इसके अलावा, सभी सफल बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया. इस सम्मान समारोह का आयोजन श्री संतोष सेनानी यादव द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को एक मंच देना था. ग्राम कचहरी देवपुरा की सरपंच रंजन देवी ने पंचायत स्तर पर मैट्रिक और इंटर में प्रथम स्थान पाने वाली तीनों बेटियों - पलक कुमारी, नूर जहां और सृष्टि कुमारी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने इन बेटियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.इस समारोह में रविश कुमार सिंह, गोपाल यादव, पंकज यादव, अरुण, दीपक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे.इस सम्मान समारोह से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को नई ऊर्जा मिलेगी और वे अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल करने के लिए बेहतर प्रयास करेंगे. इस सम्मान समारोह में मौजूद अतिथियों ने बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## सारण के माधोपुर गांव की दो बेटियां सोशल मीडिया पर जान बचाने की लगा रही है गुहार

- **जमीनी विवाद में घर से दो भाईयों के परिवार को बेदखल कर अपहरण करने का लगा रहीं आरोप**
- **सदमे में छोटे भाई का हार्ट अटैक होने की भी चर्चा**

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** हेलो एवरीवन, मैं खूशबू दिल्ली आली गांव से हूं. ये वीडियो शेयर कर बताना चाहती हूं कि हमारे परिवार के लोगों की कभी भी जान जा सकती हैं. मेरा घर छपरा जिले का माधोपुर गांव है. दादी के मरते ही मेरे बड़े पापा और उनके लड़कों ने उसके और उसके चाचा की पैतृक संपति हड़प लिया है और मारपीट कर घर से निकाल दिया है. साथ ही एक भाई की पत्नी को अपहृत भी कर लिया गया है. इसलिए दोस्तो यह वीडियो हम शेयर कर बता देना चाहती हूं कि मेरे बड़े पापा का परिवार हम सबकी जान लेने की धमकी दे रहे हैं और हम सब कभी भी मारे जा सकते हैं।÷रसूलपुर थाना की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव से जुड़ी खूशबू की यह मार्मिक वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है वायरल वीडियो पर लोग सोशल मीडिया के बजाय थाना व न्यायालय में गुहार लगाने की सलाह भी दे रहे हैं. ग्रामीणों के अनुसार इस घटना को लेकर सदमे में छोटा भाई को हार्टअटैक भी आ गया था जिसका अभी इलाज चल रहा है. ग्रामीणों की मानें तो वायरल वीडियो के परिवार का मामला पैतृक व मातृ संपती से जुड़ा है. परिवार में चार भाई हैं जो पहले मिल-जुलकर रहते थे. इसमें दो भाईयों को केवल बेटियां हीं हैं. पुत्र विहिन भाई कहीं गांव में घर जमाई न बसा लें इसको लेकर बड़ा भाई चिंतित था. इसलिए बड़ा भाई कुछ दिन पहले आकर गांव के हीं एक ग्रामीण युवक को गवाह बनाकर मां से गांव स्थित घर व खेत खलिहान आदि सब जमीन अपने नाम लिखा लिया. बीते महीने 12 मार्च को मां की मृत्यु होते हीं किसी ग्रामीण ने इस हकीकत को सबसे छोटे भाई को बता दिया. फिर इसे लेकर तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई. दो भाइयों के परिवार की बेटियों ने सोशल मीडिया पर आ कर अपना दुखड़ा सुना रही हैं जो पुरे क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है. ग्रामीणों के अनुसार मां के नाम पर खेत --मकान आदि संपती है जो सभी भाईयों ने मिल कर मां के नाम से कराया था ।

## छठ वर्तियों ने सरोवर में खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया पहला अर्घ्य

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** चैती छठ को लेकर अमनौर व आसपास के नदियों, पोखरों और तालाबों के छठ घाटों पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ रही. वही पहले अर्घ्य के दिन व्रती पानी भरे सरोवर में खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया. जहां सबसे ज्यादा भीड़ पर्यटक स्थल बड़ा पोखरा पर देखा गया. जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों व छठवर्ती महिलाएं पहुची थी. छठ व्रत रखने वाली महिलाएं बुधवार की रात व गुरुवार की सुबह अर्द्ध के लिए विविध प्रकार के पकवान बनाए व शाम होते ही प्रसाद का दउरा लेकर अपने अपने छठ घाटों पर पहुंच दीप प्रज्वलित कर छठ मईया की पूजा की गई. जिसके



बाद नदी, तालाब और पोखरों में कमर भर पानी में जाकर खड़ी होकर भगवान भास्कर के डूबने पर उन्हें अर्घ्य दिया .अमनौर बड़ा पोखरा पर इसको लेकर छठ पूजा समिति के द्वारा लाइटिंग, साउंड, चेंजिंग रूम सहित अन्य व्यवस्था की गयी थी ।

# वक्फ संशोधन विधेयक 2024 : पारदर्शिता और समावेशिता की ओर निर्णायक पहल

**अरविंद कुमार सिंह।**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारत में वक्फ संपत्तियाँ मुस्लिम समुदाय की धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समर्पित होती हैं। इनका प्रबंधन राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद के माध्यम से किया जाता है। किंतु दशकों से इन संपत्तियों के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और अपारदर्शिता की शिकायतें सामने आती रही हैं। 1995 के वक्फ अधिनियम की धारा 40 वक्फ बोर्ड को यह अधिकार देती थी कि यदि उन्हें संदेह हो कि कोई संपत्ति वक्फ की है, तो वे उसे बिना किसी पूर्व सूचना या सुनवाई के वक्फ संपत्ति घोषित कर सकते थे। इसी का परिणाम था कि तमिलनाडु में एक साथ 212 गाँवों को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया गया। उत्तर रेलवे की भूमि, हिमाचल प्रदेश की सरकारी ज़मीन, यहाँ तक कि कई मंदिरों की संपत्तियाँ भी विवादों में घिर गई।इस पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी, उत्तरदायी और समावेशी बनाना है। गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में यह स्पष्ट किया कि अब कोई भी संपत्ति केवल घोषणा मात्र से वक्फ की नहीं मानी जाएगी। दान अपनी संपत्ति का किया जा सकता है, सरकारी या सामुदायिक भूमि का नहीं।

वक्फ इस्लामी परंपरा में वह व्यवस्था है जिसके अंतर्गत कोई मुसलमान अपनी संपत्ति को धार्मिक या जनकल्याण के उद्देश्य से स्थायी रूप से दान कर देता है। यह संपत्ति अब निजी नहीं रह जाती, बल्कि अल्लाह के नाम पर सुरक्षित हो जाती है। इसका उपयोग मस्जिद, मदरसे, कब्रिस्तान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहायता जैसे कार्यों में किया जाता है।समय के साथ इन संपत्तियों में दुरुपयोग और अव्यवस्था के अनेक मामले सामने आए हैं। कई कीमती वक्फ संपत्तियाँ अवैध कब्जों का शिकार हुईं, और कई बार वक्फ बोर्डों के सदस्य ही इस कदाचार में लिप्त पाए गए। कर्नाटक वक्फ भूमि घोटाला इसका बड़ा उदाहरण है, जहाँ अरबों रुपये मूल्य की संपत्तियाँ गायब पाई गईं। भोपाल, दिल्ली, इंदौर जैसे शहरों में भी सरकारी रिपोर्टों ने वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जों की पुष्टि की है।

वक्फ बोर्डों की निष्क्रियता, भाई-भतीजावाद और अपारदर्शी कार्यप्रणाली ने संस्था की साख को कमजोर किया है। कई संपत्तियाँ नाममात्र के किराए पर दी गईं, जिससे वक्फ को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इससे वक्फ संपत्तियाँ अपने मूल उद्देश्य से भटककर निजी स्वार्थों का माध्यम बन गई।इस संदर्भ में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 अनेक सुधारात्मक प्रावधानों के साथ प्रस्तुत किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अब वक्फ की परिभाषा को अधिक स्पष्ट किया गया है, जिससे संपत्ति को वक्फ घोषित करने में पारदर्शिता बनी रहे। सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज न होने वाली संपत्तियों पर वक्फ दावा नहीं कर सकेगा। इससे निजी संपत्तियों की रक्षा होगी और अनावश्यक विवादों पर रोक लगेगी।सभी वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर उसे सार्वजनिक पोर्टल पर प्रकाशित करना अनिवार्य किया गया है। इससे वक्फ प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी और जनता को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही अब यह भी सुनिश्चित किया गया है कि हिंदू, जैन, बौद्ध या सिख धर्म से संबंधित धार्मिक स्थलों की संपत्तियों को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा। यह अन्य धर्मों की संपत्तियों की रक्षा हेतु एक सकारात्मक और संतुलित कदम है।विधेयक में यह भी प्रावधान है कि अब वक्फ ट्रिब्यूनलों में मुस्लिम कानून विशेषज्ञ की अनिवार्यता नहीं रहेगी। इससे ट्रिब्यूनल की संरचना अधिक व्यावसायिक होगी और निर्णय प्रक्रिया निष्पक्ष तथा त्वरित हो सकेगी। साथ ही, वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली की निगरानी हेतु नियमित लेखा परीक्षा और रिपोर्टिंग की प्रणाली को सुदृढ़ किया गया है। इससे भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन पर नियंत्रण लगेगा। अब जिला कलेक्टरों को वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे सर्वेक्षण प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी हो सकेगी। राजस्व रिकॉर्ड के साथ समन्वय करके संपत्तियों की स्पष्ट पहचान संभव होगी। इससे वर्षों से विवादित या उपेक्षित संपत्तियों को वक्फ बोर्ड के नियंत्रण में लाया जा सकेगा।एक और उल्लेखनीय प्रावधान यह है कि राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद में अब गैर-मुस्लिम विशेषज्ञों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया जा सकेगा। इससे संस्थाओं में समावेशिता और बाह्य निरीक्षण के माध्यम से जवाबदेही बढ़ेगी। वक्फ संपत्तियों के विकास और उपयोग में विविध विचारों का समावेश होगा।विधेयक में यह भी प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति झूठी जानकारी देकर किसी संपत्ति को वक्फ घोषित कराने की कोशिश करता है, तो उसके लिए दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे। इससे झूठे दावों पर रोक लगेगी और निजी संपत्तियों की रक्षा हो सकेगी। साथ ही, संपत्ति मालिकों को वक्फ बोर्ड के दावे के विरुद्ध अपील करने का अधिकार भी दिया गया है।अब वक्फ बोर्डों को यह अवसर प्राप्त होगा कि वे अपनी संपत्तियों का व्यावसायिक और सामाजिक हित में विकास कर सकें। इससे वक्फ की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और उसकी आय का उपयोग मुस्लिम समुदाय के निर्धन वर्ग, छात्रों, विधवाओं आदि के कल्याण में हो सकेगा। यह पारदर्शी और जवाबदेह योजना-निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। समाज में इस विधेयक को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएँ आई हैं। कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने इसे सुधारात्मक, पारदर्शिता बढ़ाने वाला और समयानुकूल बताया है। डॉ. सैयद अब्दुल करीम, प्रो. राहत अली और शबाना अहमद जैसे अनेक बुद्धिजीवियों ने इस विधेयक का समर्थन किया है। वहीं, कुछ संगठनों ने आशंका जताई है कि इससे वक्फ की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। किंतु सरकार का यह स्पष्ट मत है कि यह विधेयक केवल प्रशासनिक सुधार हेतु लाया गया है और इसका उद्देश्य धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करना नहीं है।वास्तविकता यह है कि यदि वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित, पारदर्शी और उत्तरदायी हो तो ये संपत्तियाँ मुस्लिम समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की योजनाओं में इनका सकारात्मक उपयोग न केवल समुदाय को सशक्त करेगा, बल्कि राष्ट के सर्वांगीण विकास में भी योगदान देगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 एक बहुप्रतीक्षित और आवश्यक सुधार है, जो वक्फ संपत्तियों के प्रभावी, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रबंधन की दिशा में मार्ग प्रशस्त करता है। यह विधेयक केवल विधिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, धर्मनिरपेक्षता और न्यायपूर्ण प्रशासन की दिशा में भी एक सशक्त पहल है।

**(लेखक : अरविन्द कुमार सिंह, सामाजिक, राजनीतिक चिंतक एवं विधि विशेषज्ञ; गंगा सिंह विधि महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक)**

# राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में 5 अप्रैल को सांसद राजीव प्रताप रूडी करेंगे आईपीएस प्रशिक्षुओं को संबोधित

● 217 प्रशिक्षु अधिकारी, जिनमें 16 विदेशी अधिकारी भूटान, नेपाल, मालदीव से भी शामिल ● अकादमी प्रशासनिक दक्षता और शासन के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों से संवाद का अवसर ● पुलिस-राजनीतिज्ञ इंटरफेस, पारदर्शी शासन और सामुदायिक पुलिसिंग जैसे विषयों पर चर्चा होगी



**दैनिक खोज खबर/छपरा/हैदराबाद।** सारण से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद द्वारा 77वें आरआर बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह व्याख्यान 5 अप्रैल 2025 को अकादमी परिसर में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 217 अधिकारी प्रशिक्षु भाग लेंगे, जिनमें भूटान, नेपाल और मालदीव के 16 विदेशी अधिकारी भी शामिल हैं। राष्ट्रीय पुलिस अकादमी का निरंतर प्रयास रहता है कि प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशासन एवं शासन के विभिन्न आयामों से परिचित कराने के लिए समाज के विविध क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों से संवाद करने का अवसर मिले। इससे वे प्रशासनिक दृष्टिकोण को गहराई से समझने और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में अधिक दक्ष हो सकें। राजीव प्रताप रूडी ने इस व्याख्यान को लेकर उत्साह जताया और कहा कि यह प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ विचारों के आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पुलिस प्रशासन और नीतिगत निर्णयों के बीच तालमेल स्थापित करने के लिए ऐसी चर्चाएं अत्यंत आवश्यक हैं।यह उल्लेखनीय है कि सांसद राजीव प्रताप रूडी राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में नियमित रूप से व्याख्यान देते रहे हैं, जहां वे प्रशिक्षु अधिकारियों को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उनके पूर्व के व्याख्यानों में पुलिस और जनता के बीच समन्वय, प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता के महत्व पर विशेष जोर दिया गया है।

## मारपीट के मामले में सबलपुर चहारम से महिला सहित कुल 5 लोग गिरफ्तार

### आंगनबाड़ी में फर्जी तरीके से बहाली की शिकायत को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट का मामला

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर चहारम में आंगनबाड़ी केंद्र में फर्जी तरीके से बहाल होने के बाद दो जाति के लोगों में पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को एक पक्ष क़े लोगो ने दूसरे पक्ष क़े लोगो को जमकर मारपीट कर 5 लोगो को घायल कर दिया था। घटना क़े सुचना मिलते ही सोनपुर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात करते हुए छपामारी कर एक महिला सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए गुरुवार को छपरा जेल भेज दिया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि जेल भेजे गए विजय राय,अशोक राय, आनंद राय,रामलगन राय, ममता देवी पति सीताराम राय सभी का घर सबलपुर चहाराम है।

## नगरा में उर्स मुबारक का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र नगरा के नगरा पंचायत में हज़रत मखदूम सूफी शाह अली अहमद साहब हनफी नक्शबंदी मुजददी र0अ0 का 19वां सालाना उर्स मुबारक बड़े ही खुशुसीयत, मुसर्रत व सादमानी के साथ मनाया गया। मजार शरीफ पर कुरानखानी और मिलादखानी का एहतमाम किया गया। हज़रत के मानने वाले मुरिदैन और अकीदतमंद अलग-अलग जिलों से सैकड़ों की संख्या में आये हुए थे। अकीदतमंदों ने मज़ार शरीफ पर चादरपोशी और पुष्प अर्पित करके दुआएँ मांगी। मौके पर खैरा मस्जिद के इमाम व खलीफा हज़रत मखदूम सूफी रुस्तम अली हनफी नक्शबंदी, बन्नी मस्जिद इमाम हाज़ी मो. कासिम, डॉ. अजमत हुसैन,पूर्व मुखिया इरशाद अहमद, कौसर अली, शाजिद आलम सोनू,मिथिलेश राय, मो.ग्यासुद्दीन, राजू कुमार, बब्लू कुमार, मैशर आलम, नेसार हुसैन, फिरोज आलम, मो. जमाल (कोलकता),अनवारुल हक, नबी हुसैन, मौलाना साबिर हुसैन(यू.पी), मो. सफीउल्लाह सहित,अजहरूद्दीन और सैकड़ों अकिदमंद मौजूद रहें।

## संगीतमय श्रीराम कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** श्रीराम दरबार सेवा समिति के तत्वाधान में संगीतमय श्रीराम कथा के निमित्त गुरुवार को बैंड बाजे से सुसज्जित भव्य एवम आकर्षक कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिला व पुरुष शामिल हुए। कलशयात्रा माँझी नगर पँचायत के कुँअर टोली शनिचरा बाजार से चलकर प्रसिद्ध रामघाट पर पहुंची तथा पवित्र सरयु का जल भरकर श्रद्धालुओं की टोली पुनः कथास्थल तक पहुँची। यज्ञ के संयोजक कमल शर्मा ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री रविरंजन तेजस्वी जी के नेतृत्व में आयोजित यज्ञ में 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक प्रतिदिन संध्या 5 से 8 बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन होगा तथा भण्डारा एवं प्रसाद वितरण के साथ 13 अप्रैल को यज्ञ का समापन होगा। कलशयात्रा में भाजपा नेत्री पूजा शर्मा,उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह,ललित मोहन शर्मा,प्रमोद कुमार शाश्वत,शशि मिश्रा,बिनोद कुमार,केदार सिंह तथा मनोहर शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## अज्ञात अपराधियों ने बंधन बैंक के एजेंट से लूटे 50 हजार रुपये

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** थाना क्षेत्र के भैरपुर गांव में अज्ञात अपराधियों ने बंधन बैंक के एजेंट से 50 हजार रुपये लूट लिए। यह घटना उस समय हुई जब एजेंट गांव में मीटिंग कर बकाया वसूली करने के बाद लौट रहे थे प्राप्त जानकारी के अनुसार एजेंट जब मेन रोड (मानपुर-गरखा मार्ग) के भैरपुर-हेमंतपुर वाली सड़क के पास पहुंचे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उन्हें घेर लिया।अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर एजेंट को डराया और 50 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए।घटना के तुरंत बाद पीड़ित एजेंट ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। दरियापुर क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं।

## मशरक नपं में संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर एसडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक, दिए दिशा निर्देश



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने मशरक नगर पंचायत के कार्यालय में नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी मो. शहनवाज रजा, नाजीर रणधीर कुमार समेत अन्य कई मौजूद रहें। मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि जिले से मिले निर्देश के आलोक में नगर पंचायत के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुछ योजनाओं में शिकायत मिलने पर जांच-पड़ताल भी की गयी, जो भी जांच रिपोर्ट होंगी वह जिले को भेजी जाएगी। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही विकास की योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया जिसमें वाहन पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, प्रत्येक वार्ड की समुचित साफ सफाई, कचरों का समुचित निस्तारण, गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सभी वार्डों में नल जल योजना को निर्बाध रूप में चालू रखना, सभी स्ट्रीट लाइट को उपयोग में रखना शामिल हैं। नगर पंचायत के दलित और महादलित टोला में सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं को धरातल पर उतारने की बात कहीं गई। आपको बता दें कि मशरक तख्त टोला गांव निवासी लोजपा संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने डीएम से नगर पंचायत के विभिन्न योजनाओं में धांधली की शिकायत दर्ज कराई है। मढ़ौरा एसडीओ ने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में लगें सफाई कर्मियों से उनको मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली, वहीं उनके कार्य करने का समय, वेतन भुगतान और अन्य समस्याओं को जाना।

## वीर कुंवर सिंह शौर्य जयंती समारोह को लेकर मुजफ्फरपुर में बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मुजफ्फरपुर के सबसे बड़े पंचायत अखाड़ाघाट मे उमा शाही के आवासीय परिसर में बाबू वीर कुंवर सिंह शौर्य जयंती समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि भूषण सिंह, संतोष सिंह, कुंदन सिंह, आनंद सिंह ऊर्फ बाबू साहेब, राजेश सिंह, रवि शंकर शाही, विजय सिंह, अरुण सिंह, बबन सिंह, पप्पू सिंह, प्रमोद सिंह, नागेंद्र सिंह, मनीष सिंह, सुधीर कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। जिसमे सभी लोगो से मुजफ्फरपुर से बड़ी संख्या मे 23 अप्रैल को बापू सभागार मे पटना पहुंचने का आश्वासन दिया। बिहार मे पहली बार शौर्य दिवस पर शाम मे तीन बजे विशेष आकर्षण भारतीय वायु सेना के नौ लड़ाकू विमान दस्ता का सूर्य किरण का शौर्य प्रदर्शन पटना मे किया जायेगा। जिसको देखने के लिए बड़ी संख्या मे लोग जुटेंगे। जिसके लिए बिहार के सभी जिले मे लोगो से मिलकर दिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष सिंह और संचालन उमा शाही ने किया।

## महादलित टोलों में विकास योजनाओं के अध्ययन एवं लोगों की आकांक्षाओं को जानने के लिये लगेगा विशेष विकास शिविर

### विशेष विकास शिविर के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक, 2 दिनों में माइक्रो प्लान तैयार कर नोडल पदाधिकारी को करेंगे संबद्ध




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अनुजाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत महादलित विकास मिशन के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा जिला के सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जायेगा।इस आयोजन का उद्देश्य उन टोलों में विकास योजनाओं का अध्ययन तथा लोगों की आकांक्षाओं को जानना है।इसकी शुरुआत 14 अपैल को भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर की जायेगी। शिविर का आयोजन प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को किया जायेगा। सभी महादलित टोलों में एक-एक कर शिविर का अयोजन किया जायेगा। प्रत्येक महादलित टोले के लिये एक नोडल अधिकारी रहेंगे। साथ ही शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रखंड/पंचायत स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस शिविर के सफल आयोजन एवं उद्देश्य की पूर्त्ति को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने सभी संबंधित जिला/अनुमण्डल/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दो दिनों के अंतर्गत महादलित टोला वार नोडल पदाधिकारी को नामित करने तथा शिविर में उपस्थित रहने वाले अन्य पदाधिकारी/कर्मियों को भी टैग करने को कहा गया। माइक्रोप्लान बनाकर इसे क्रियान्वित करने को कहा गया। इसके सतत अनुश्रवण हेतु जिला एवं अनुमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा, इसके लिये संबंधित पदाधिकारियों को तैयारी करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर के लिये निर्धारित तिथि एवं समय का पूर्व से स्थानीय स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। शिविर के पहले ही सभी सम्बंधित विभागों के पदाधिकारी/कर्मी टोले में जाकर योजनाओं के क्रियान्वयन की कमियों एवं समस्याओं की जानकारी लेकर सूचीबद्ध करेंगे। इनमें से निवारण योग्य मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित कराएंगे। अगर किसी का राशनकार्ड नहीं है तो इसके लिये निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करायेंगे, इसी तरह अन्य योजनाओं से संबंधित समस्याओं का निवारण करेंगे। शिविर में यथा संभव लोगों को लाभान्वित करने की कार्रवाई की जायेगी। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अन्य अनुमण्डल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

राम कथा सुन कर झूम उठे श्रद्धालु

## राम नाम लेकर लोग भवसागर पार हो जाते- कथा वाचिका सुश्री नारायणी तिवारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क़े गोपालपुर चतुरपुर महावीर मठ के प्रांगण में चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी के अवसर पर 9 दिवसीय श्री राम कथा प्रवचन का आयोजन किया गया। जो 28 मार्च से 6 अप्रैल तक संध्याकालीन 2=00 से लेकर संध्या 6=00 तक अयोध्या धाम से पधारी कथा वाचिका सुश्री नारायणी तिवारी ने राम कथा के छठे दिन गुरूवार को अपने प्रवचन के क्रम में श्रद्धालुओं को बतायी कि रामजी के गुरु विश्वामित्र के कुटिया में विद्या प्राप्त करने क़े लिए कैसे चारों भाई ने गुरुकुल में विश्वामित्र से शिक्षा प्राप्त करने क़े लिए राजा पुत्र होकर भी उस दौड़ान कई कठिनायों का सामना करना पड़ा, यहां तक क़े गुरु क़े आदेश को सर्वोतम स्थान देते हुए विश्वामित्र के यज्ञ में राक्षसों के द्वारा परेशान होने पर कई राक्षसों का राम जी ने संहार किया। जब विश्वामित्र जी, राम ,लक्ष्मण के साथ यज्ञ को दानवो से मुक्त कराकर जब मिथिला में चारो भाई को लेकर पहुंचे उस समय की स्थिति को बड़े ही सुन्दर ढंग से वर्णन किया. इसी बीच उन्होंने यह



बताया कि भगवान अपने भक्त के मन की बात को समझ जाते है और उनकी सहायता करते हैं. श्री राम ने स्वयंबर में सीता क़े मन को समझकर धनुष को तोड़ दिए। इसलिए सचे मन से भगवान की भक्ति करनी चाहिए. उन्होंने ने राम और सीता के रूप एवं चरित्र का बड़े ही सुन्दर ढंग से वर्णन किया और बताया की श्री राम व माता सीता दोनों के मनमोहक रूप देख कर लोग प्रसन्न हो जाते है. उन्होंने ने बताया कि राम नाम लेकर लोग भवसागर पार हो जाते हैं. सीता राम की महिमा का श्रवण एवं गुणगान करनी चाहिए. श्री राम की कथा हमें धर्म,प्रेम और निष्ठा की सीख देती है.श्री राम कथा हमें जीने की शैली बताती है. उन्होंने ने कथा के समापन के समय छठी मैया का गीत सुना कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा क़े पश्चात ब्रजेश सिंह ने बताया कि 6.4.25 रविवार को संध्या 6=00 बजे गंगा महाआरती होगी उसके पश्चात भंडारा का प्रसाद लोग के बीच वितरण होगा। राम कथा कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप अलख देव तिवारी, बृजेश सिंह,डॉ मनोरमा सिंह, सुशील सिंह,रवि रंजन सिंह, मृदुल चंन्द्र, शशि रंजन सिंह,सहित सैकड़ो ग्रामीण व श्रद्धालु लगे हुए है।

## मशरक से गुजर रही राम जानकी पथ के निर्माण में गति लाने को समीक्षा बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र से गुजर रही एन एच 227 ए राम जानकी पथ के निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर अंचल कार्यालय परिसर में डीसीएलआर मनोहर कुमार साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सीओ सुमंत कुमार समेत राम जानकी पथ के निर्माण कार्य में लगें अधिकारियों ने भाग लिया। मौके पर डीसीएलआर मनोहर कुमार साहू ने बताया कि राम जानकी पथ के निर्माण में भूमी अधिग्रहण में तेजी लाने और हो रहीं दिक्कतों को दूर करने के लिए समीक्षा की गयी, इससे जुड़े लोगों को गाव स्तर पर पहुंच मुवाअजा भुगतान की प्रकिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। डीसीएलआर मनोहर कुमार साहू ने बताया कि भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या से मां सीता की जन्मस्थली जनकपुर तक प्रस्तावित एन एच 227 ए राम जानकी पथ के निर्माण कार्य में भूमी अधिग्रहण की प्रकिया शुरू की गयी हैं जिसमें सारण के मशरक और पानापुर में जमीने ली जानी है उसी के अधिग्रहण के लिए गांवों में कैम्प भी लगाया जा रहा है। जल्द ही भूमी अधिग्रहण होते ही कार्य शुरू कराया जाएगा। एन एच 227 ए राम जानकी पथ निर्माण कार्य अविलंब शुरू करने और शुभारंभ के लिए शिलान्यास के लिए आने को लेकर बीते दिनों पहले महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और सिवान सांसद विजया लक्ष्मी ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतीन गडकरी से मुलाकात की, साथ ही एन एच 331 के छपरा से मोहम्मदपुर सड़क मार्ग पर मलमलिया ओवरब्रिज, एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मलमलिया ओवरब्रिज और मशरक के चैनपुर बंगरा रोड पर फ्लाई ओवर पर रोड लाइट स्थापित करने के लिए मांग पत्र सौंपा गया है।

## तेज रफ्तार बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चालीस आरडी नहर सड़क पर तेज रफ्तार से जा रहीं अपाची सवार युवक के सामने बकरी आने से गंभीर रूप से घायल हालत में इमरजेंसी 112 की टीम ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। घायल की पहचान गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा गांव निवासी स्व राजकुमार यादव का 25 वर्षीय पुत्र महावीर यादव के रूप में हुई । ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल ने बताया कि वह अपाची पर सवार होकर जा रहा था कि अचानक सड़क पर बकरी आ गयी। इमरजेंसी 112 के अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कन्ट्रोल रूम से सूचना मिलने पर वे दल बल के साथ पहुंचे और घायल को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया और परिजनों को सूचना दी गई।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** परसा के युवक की मकेर सड़क हादसे में मौत की खबर सुनते ही स्वजनों में कोहराम मच गया । मृतक परसा थाना क्षेत्र के गौरीगवा निवासी स्व मंगल तिवारी का पुत्र बच्चू तिवारी बताए गए है । मिली जानकारी के अनुसार बच्चू तिवारी मुजफ्फरपुर जिले के जाफर पुर स्थित अपनी बड़ी पुत्री के घर छठ पूजा को लेकर समान पहचा कर बाइक से वापस घर की ओर लौट रहा था तभी रेवा घाट पुल से दक्षिण दिशा मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से सड़क पर गिरकर बुरी तरह चोटिल हो गया । स्थानीय पुलिस व लोगों द्वारा आनन फानन में मकेर सामुदायिक अस्पताल लाया गया । जहां रेफर किए जाने के बाद परसा अस्पताल समीप मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम हेतु छपरा भेज दिया । इधर घटना को लेकर पत्नी रुक्मिणी देवी ने ट्रक गाड़ी संख्या बी आर 32 जी ए 8304 व चालक मधुबनी जिले के जटही गांव निवासी अरुण कुमार महतो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना को लेकर पत्नी रुक्मिणी देवी,पुत्र राकेश कुमार तिवारी,राजेश तिवारी,पुत्री सीमा कुमारी,रीमा कुमारी, का रो रो कर बुरा हाल है।

## डीएम व एसपी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**परवेज अख्तर/सीवान।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता व प्रभारी पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने ईवीएम, वीवीपैट और वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने सीसी कैमरा और अग्निशामक यंत्रों की स्थिति देखी। साथ ही अवर निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के प्रत्येक तल का बारीकी से जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने लाग बुक की भी जांच की। बताया कि यह नियमित निरीक्षण चुनाव की पारदर्शिता और ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत 24 गुणा 7 सतत निगरानी की जानी है। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अधिष्ठापित सीसी कैमरा 24 घंटे कार्यरत रहें, इसे सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों के अनुरूप एसओपी का अनुपालन दृढ़ता से करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सोहैल अहमद सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रामनवमी को ले 312 लोगों ने भरा बांड

**हुसैनगंज (सिवान)** - कार्यपालक दंडाधिकारी शिवेंद्र कुमार, सीओ दिव्य प्रकाश एवं थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रखंड क्षेत्र के 453 लोगों पर बीएनएस 126(पूर्व में 107) की कार्रवाई की गई है। इसमें सिधवल, हबीबनगर, टिकरी, मड़कन, हथौड़ा, हरिहांस, गोपालपुर, छपियां, छाता, बड़रम सहित सभी पंचायतों से उपस्थित 312 लोगों द्वारा दंडाधिकारी के समक्ष अपना बांड भरा गया है। दंडाधिकारी ने बताया कि छह अप्रैल को आयोजित रामनवमीं को पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट मामले में प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** । थाना क्षेत्र के मघरी में 26 मार्च को भूमि विवाद को ले हुई मारपीट में एक पक्ष के शमशाद हुसैन की पत्नी कनीज फातमा ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही बाबूजान, उनकी पत्नी गुडन बीबी व भाई नौशाद हुसैन को आरोपित किया है। उन्होंने गाली-गलौल करने, मारपीट करने तथा गले से सोने की चेन छीनने तथा घर में घुसकर अलमीरा में रखे एक लाख 87 हजार रुपये निकाल लेने का आरोप लगाया है। वहीं आरोपितों ने आरोप को निराधार बताया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)** । दारौंदा रेलवे फाटक के समीप पुलिस ने गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति को छह लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति महाराजगंज के कपिया निजामत निवासी अंकित कुमार है। उसके विरुद्ध प्राथमिकी कर न्यायालय भेज दिया गया।

## महाराजगंज में रामनवमी जुलूस की तैयारी जोरों पर

**महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंडल क्षेत्र में रामनवमी जुलूस की तैयारी की जा रही है। छह अप्रैल को श्रीराम सेवा समिति द्वारा शहर में भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस में तरह-तरह की झांकी का प्रदर्शन होगा। जुलूस को यादगार बनाने के लिए समिति के सदस्य दिन-रात लगे हैं। शहर का कोई ऐसा दुकान नहीं जहां केसरिया झंडा न लगा हो। वहीं विभिन्न चौक-चौराहे पर बड़े-बड़े होर्डिंग भी लगाए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम सेवा समिति द्वारा दो जुलूस निकाला जाएगा। एक जुलूस नखास चौक स्थित सती मां मंदिर से आरंभ होकरर कर्पूरी पथ, पसनौली, मुख्य पथ, काजी बाजार, बैंक चौक, पुरानी बाजार होते हुए पश्चिमारी मठ पहुंचेगा। वहीं दूसरा जुलूस पश्चिमारी मठ से आरंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः पश्चिमारी मठ पहुंचेगा। वहीं जुलूस के मद्देनजर प्रशासन भी पूरी तरह चौकस दिख रही है। एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी निरीक्षण में लगे हैं।

## शोभा यात्रा सह जुलूस को ले मुख्यालय से आए हैं दो डीएसपी

**सिवान** - शहर में छह अप्रैल को निकलने वाली रामनवमी शोभायात्रा के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करते हुए ड्रोन कैमरे से निगरानी करने का फैसला लिया गया है। प्रभारी एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि रामनवमी शोभायात्रा को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। शोभा यात्रा के दौरान सभी संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट सहित दो हजार से अधिक विशेष जवानों की तैनाती रहेगी। एक एसएसबी व एक बीएसएफ की कंपनी आ गई है। रामनवमी को लेकर सदर अनुमंडल क्षेत्र में 297 व महाराजगंज अनुमंडल क्षेत्र में 106 जगहों पर मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। बताया कि दो मुख्यालय से डीएसपी आए है जो भी मौजूद रहेंगे। जिला पुलिस के साथ रैफ की भी तैनाती की गई है।

# उषा के नेतृत्व में 12 सदस्सीय सिवान जिला सिनियर महिला रग्वी फूटबाल टीम औरंगाबाद रवाना

**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** बिहार राज्य रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा औरंगाबाद में 3 अप्रैल से 5 अप्रैल 2025 तक आयोजित बिहार राज्य सीनियर रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप हेतु सिवान जिले की टीम सिवान की वरिष्ठ खिलाड़ी उषा कुमारी के नेतृत्व में औरंगाबाद के लिए रवाना हो गई। सिवान अपना पहला मैच 4 अप्रैल को खेलेगा।सिवान जिला रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सिवान जिले की टीम का चयन रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में चयन सह प्रशिक्षण सिविर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अंतर जिला राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है ।इस टीम में संजना कुमारी, शालू भारती, अलका कुमारी, खुशी कुमारी, निशा कुमारी, शालू राम, गुंजा कुमारी, रंजू कुशवाहा, प्रिया गोंड़ एवं राजनंदनी कुमारी तथा सिमरन परवीन शामिल है ।इस टीम का प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य कोच एवं निदेशक संजय पाठक के कुशल नेतृत्व में वरिष्ठ खिलाड़ी सलमान खातून द्वारा प्रदान किया गया। इस टीम में चयनित खिलाड़ियों को आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉक्टर शशी भूषण सिंहा सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, डॉक्टर रिता सिंह, डॉक्टर संगीता चौधरी,डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर सत्य प्रकाश, डॉ रामजी चौधरी, आरती रानी पांडेय, डॉक्टर विनय पांडेय, डॉक्टर आशुतोष कुमार, डॉक्टर शंकर सिंह, डॉक्टर राम इकबाल प्रसाद गुप्ता, मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा, आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, संरक्षक बसंत कुमार पाठक, विवेक कुमार सिंह ,अमृता कुमारी सहित क्यों ने लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

## शतचंडी महायज्ञ की तैयारी को ले बैठक आयोजित

**रघुनाथपुर (सिवान)** । प्रखंड मुख्यालय स्थित चकरी बाजार स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में गुरुवार को नवयुवक दल दुर्गा मंदिर ट्रस्ट की बैठक हुई। बैठक में नौ दिवसीय मां दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठात्मक शतचंडी महायज्ञ की सफलता पर चर्चा की गई। बैठक में मठाधीश पुरुषोत्तम दास और पड़ेजी धाम के महंत काशीदास महाराज ने महायज्ञ की रूपरेखा व सफलता पर प्रकाश डाला। पूजा समिति की अध्यक्ष राजेश प्रसाद ने बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ 14 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ की जाएगी तथा महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को हवन पूजा के साथ की जाएगी। इस दौरान कथावाचक गाजीपुर से पीयूष महाराज पधारेंगे तथा वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला और रामलीला का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की झांकी टीम भी अपना प्रदर्शन करेगी। साथ ही 151 प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। यज्ञ के दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए डिजनीलैंड, मौत का कुआं, झूला आदि की व्यवस्था की गई। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ मंडप का निर्माण हो चुका है तथा इसकी सजावट का कार्य प्रगति पर है। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष अरविंद यादव, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, मीडिया प्रभारी सुजीत कुमार निराला, सह कोषाध्यक्ष तूफानी प्रसाद, योगेंद्र व्यास, संजीव श्रीवास्तव, फागू राम, रामबिगु साह, सुरेश शर्मा, शारदानंद सिंह आदि उपस्थि तथे।

**ट्रक के टक्कर से बाइक सवार दो घायल: सिवान** -मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहन चवर में गुरुवार की सुबह ट्रक से आमने-सामने की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान बड़हरिया थाना क्षेत्र निवासी राजू गुप्ता व ललन साह के रूप में हुई है। घायल राजू ने बताया कि वे दोनों बाइक पर सवार होकर शहर के एक निजी अस्पताल आए थे। वहां पर अपने दोस्त से मिलकर वापस घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। इससे हमदोनों घायल हो गए। इस दौरान बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## मर्यादा से जीने का तरीका सिखाते हैं प्रभु श्रीराम

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के गांधी मैदान में श्रीराम जन्मोत्सव के छठवें दिन गुरुवार को पूजन अर्चना व परिक्रमा को ले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। चैत्र नवरात्रि व रामनवमी को लेकर जिले में भक्ति की गंगा बह रही है। पूरा शहर लाल-पीले झंडों से पटा हुआ है। मंदिरों से लेकर गांधी मैदान तक का दृश्य लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। देवी मंदिरों में मां दुर्गा व गांधी मैदान में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की परिक्रमा कर भक्त भाव-विभोर हो रहे हैं। आचार्य वीरेंद्र पांडेय तथा उनके सहयोगियों द्वारा प्रतिदिन नवाह्न पाठ एवं पूजा अर्चना से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर विद्वानों के जीवनोपयोगी प्रवचन से श्रोता लाभ उठा रहे हैं। दिनों दिन प्रवचन का रसपान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। प्रवचन सत्र में उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पधारे मानस मधुकर पंडित रामेश्वर उपाध्याय द्वारा मनमोहक प्रवचन का भक्तों को श्रवण कराया जा रहा है। वहीं यूपी के जौनपुर के राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता पंडित रामेश्वरानंद महाराज तथा नई दिल्ली की मानस कोकिला प्रीति प्रिया रामायणी द्वारा रामभक्तों को संगीतमय रामकथा का रसपान कराया जा रहा है। इसके अलावा यूपी के जौनपुर के ही मानस व्याख्याता पंडित प्रकाशचंद्र पांडेय द्वारा मानस पाठ किया जा रहा है। मानस कोकिला प्रीति प्रिया रामायणी ने बताया कि मर्यादा से जीने का तरीका भगवान श्रीराम सिखाते हैं। इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान श्रीराम भारत की आध्यात्मिक सामाजिक चेतना हैं। वे ना केवल शिव अवतारी पुरुष के रूप में पूज्य हैं, बल्कि एक राजा के रूप में भी आदर्श हैं। जीवन के सबसे कठिन समय में भी उन्होंने मर्यादा का त्याग नहीं किया तथा अपने पुरूषार्थ के बल पर मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। कहा कि भगवान श्रीराम की पूजा हम उनसे यह प्रेरणा लेने के लिए करते हैं कि मुश्किल क्षणों का सामना कैसे धैर्य पूर्वक बिना विचलित हुए किया जाए। कथा के अंत में महाआरती के साथ महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## रिलायंस स्मार्ट बाजार से दस लाख से अधिक के सामान की चोरी

**सिवान** - नगर थाना क्षेत्र के बबुनिया मोड़ के समीप संचालित रिलायंस स्मार्ट बाजार से दस लाख 50 हजार के सामान की चोरी का मामला प्रकाश में आया है । इस मामले में सहायक स्टोर मैनेजर सह उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के भटनी थाना क्षेत्र के जिगनी निवासी निलेश कुशवाहा ने नगर थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी कराई है । प्राथमिकी होने के बाद नगर थाना की पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है । हालांकि स्टोर से सामानों की चोरी करते हुए सीसी फुटेज में देखा जा रहा है । सहायक स्टोर मैनेजर ने अपने आवेदन में बताया है कि रिलायंस स्मार्ट बाजार स्टोर में कुछ अज्ञात ग्राहकों द्वारा सामानों की चोरी की जा रही है । जिसका कुप्रभाव हमारे व्यापार एवं स्टोर पर पड़ रहा है । जब हमारी जांच टीम द्वारा सामानों का मिलान किया गया तो लगभग दस लाख 50 हजार रुपये का सामान कम पाया गया । इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी हो गई । इसकी जांच हो रही है ।

## अखंड अष्टयाम से वातावरण हुआ भक्तिमय

**महाराजगंज (सिवान)** । मुख्यालय स्थित बोर्ड मिडिल स्कूल के मैदान के समीप स्थित मां काली मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड अष्टाम का आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण करने एवं हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण की धुन से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि रामनवमी के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष अखंड अष्टयाम का आयोजन किया जाता है।

## अधिक से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है शिविर का उद्देश्य

**सिवान** -शहर के चकिया रोड स्थित मां शैलपुत्री हास्पिटल में बुधवार को नव वर्ष और चैत नवरात्रि के अवसर पर डा. पुनीत आर सिंह द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए उचित चिकित्सीय परामर्श देते हुए उन्हें आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में इलाज के लिए दूर-दूर से मरीज पहुंचे हुए थे, जिनका उपचार में हास्पिटल टीम के सदस्यों ने मदद की। हास्पिटल के चेयरमैन ने कहा कि शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में 180 मरीजों का इलाज तथा 15 मरीजों को चयनित कर सर्जनों की टीम के द्वारा निःशुल्क आपरेशन किया गया। शिविर में आए लाभुकों ने हास्पिटल के चेयरमैन व उनकी टीम की सराहना करते हुए इसे अद्भुत व सराहनीय बताया। इस मेडिकल कैंप के माध्यम से कई लोगों की विभिन्न तरह के बीमारियों की जांच एवं चिकित्सीय सलाह दी गई। चेयरमैन ने कहा कि मेडिकल कैंप का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सहायता पहुंचाना है। इस वजह से लगातार इस तरह के कैंप का आयोजन किया जाता है। इससे क्षेत्र के लोग स्वस्थ्य रहेंगे, उन्हें किसी भी प्रकार की बीमारियों के इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कहा कि आज की जीवनशैली से उपजी चुनौतियों में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है।

# अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर की मंगल कामना, उदयागामी सूर्य को अर्घ्य आज

**सीवान** -लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए शहर के नदी घाटों पर व्रतियों भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान व्रतियों ने भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य देकर संतान की मंगल कामना की। वहीं, महिलाओं द्वारा गाए जा रहे छठ गीतों से सभी नदी घाट गूंजते रहे। जिला मुख्यालय स्थित दाहा नदी पुलवा घाट, शनि मंदिर घाट, श्रीनगर-कंधवारा घाट, महोद्दीपुर छठ घाट, गांधी मैदान छठ घाट, मालवीय नगर छठ घाट, महादेवा छठ घाट सहित सभी प्रखंडों में छठ घाटों पर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इन जगहों पर गर्मी के बावजूद लोगों में उत्साह देखने को मिला। दोपहर बाद से ही भीड़ उमड़ने लगी थी।व्रती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी अपने सिर पर बांस की टोकरी में फल, मिठाई, मेवा तथा पूजन का अन्य सामान लिए लोकगीत गाते हुए सरोवर तट पर पहुंचने लगीं थी। वहीं कई लोगों ने तो घरों की छतों पर अस्थाई तालाब बनाकर अर्घ्य दिया। पहला अर्घ्य देकर श्रद्धालु घरों को लौट गए। रात में घरों में कोसी भरने का काम किया गया। शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ व्रत का समापन होगा। इस दौरान सदर एसडीओ सुनील कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, सदर अंचलाधिकारी रवि शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, टाउन इंस्पेक्टर राजू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी लगातार छठ घाट का जायजा ले रहे थे।

**छठ गीतों से वातावरण हुआ भक्तिमय** -अर्घ्य के दौरान व्रतियों द्वारा गाए गए केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेड़राय..., कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए..., सेविले चरण तोहार हे छठी मइया, महिमा तोहर अपार..., उगु सुरुज देव भइले अरग के बेर... आदि गीतों से नदी घाट गूंजते रहे। अर्घ्य देने के साथ ही छठी मइया की स्तुति करने हुए अनेक श्रद्धालुओं ने मनौतियां मांगीं। जिन श्रद्धालुओं की कोई मनौती पूरी हो चुकी, उन्होंने छठ मइया की आराधना करते हुए परिवार और समाज में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

## वक्फ संशोधन विधेयक ऐतिहासिक सुधारात्मक कदम

**सिवान** - भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी राजीव तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को ऐतिहासिक और समयानुकूल सुधार बताते हुए इसका जोरदार समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक वर्षों से चले आ रहे वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और अनावश्यक विवादों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में केंद्र सरकार की दूरदर्शी और न्यायसंगत पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली सरकार ने इस विधेयक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि अब किसी भी व्यक्ति की जमीन केवल वक्फ बोर्ड की घोषणा मात्र से हड़पी नहीं जा सकेगी। यह संशोधन न्याय, पारदर्शिता और धर्मनिरपेक्षता की भावना को मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सहित देश के कई हिस्सों में हजारों एकड़ भूमि को अचानक वक्फ संपत्ति घोषित किए जाने के मामलों ने आम नागरिकों में गहरी असुरक्षा पैदा की थी। यह विधेयक ऐसे विवादों की पुनरावृत्ति को रोकेगा और निजी संपत्ति अधिकारों की रक्षा करेगा। क्षेत्रीय प्रभारी ने कहा है कि अब सरकारी रिकार्ड में दर्ज न होने वाली संपत्तियों को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा और संपत्ति मालिकों को भी अपील का स्पष्ट अधिकार दिया गया है। साथ ही डिजिटल रिकार्डिंग, लेखा परीक्षण और गैर-मुस्लिम विशेषज्ञों की भागीदारी जैसे प्रावधान वक्फ व्यवस्था को पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि प्रशासनिक सुधार और कानूनी पारदर्शिता की दिशा में है। इससे देश के सभी समुदायों में विश्वास और समानता की भावना को बल मिलेगा।

## महाराजगंज के बलिया में कल मां गढ़देवी चैत्र नवमी महोत्सव का होगा आयोजन, तैयारी पूरी

**परवेज अख्तर/सीवान।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में पांच अप्रैल को महाराजगंज के बलिया गांव में मां गढ़देवी चैत्र नवमी महोत्सव का आयोजन होगा। इसको लेकर सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला कला संस्कृति एवं युवा विभाग की पदाधिकारी ऋचा वर्मा ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ शाम पांच बजे गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों का सम्मान एवं संबोधन का कार्यक्रम होगा। शाम छह बजे से 6-25 बजे तक करमवीर सिंह एवं समूह के द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 6-30 बजे 7-00 बजे तक प्रियंवदा एवं समूह के द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 7.05 बजे से 8-00 बजे तक आलोक पांडेय के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 8-05 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक पूजा चटर्जी एवं म्यूजिकल टीम के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर उद्घोषक के रूप में सुधीर पांडेय रहेंगे। बताया कि इससे पूर्व शाम 3-30 बजे से स्थानीय कलाकारों में अमरजीत लाल, सुनीता साक्षी, आख्या शर्मा, शुभम कुमार के द्वारा लोकगीत/ भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही अनिशा कुमारी के द्वारा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

## भाई से संपत्ति की नहीं बल्कि विपत्ति का करना चाहिए बंटवारा

**जीरादेई (सिवान)** प्रखंड के तितरा बाजार में चल रहे श्रीविष्णु महायज्ञ के पांचवें दिन गुरुवार को कथा वाचिका अर्चना मणि पराशर ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीराम व भाई भरत के बीच के प्रसंग को बताया। अर्चना ने कहा कि जब भगवान श्रीराम के बहुत मनाने के बाद भी भरत अपनी हठ पर टीके रहे कि प्रभु आपको अयोध्या वापस चलना ही है, तो इसपर भगवान श्रीराम ने भरत से कहा कि भाई आज हम लोग बंटवारा कर लें। इस बात पर भरत रोने लगे कि प्रभु जब तक मेरे शरीर में प्राण रहेगा, तबतक कोई मुझे प्रभु श्रीराम से दूर नहीं कर सकता है। इस बात पर प्रभु श्रीराम ने कहा कि भरत हम लोग संपत्ति की बंटवारा नहीं कर रहे हैं बल्कि विपत्ति का बंटवारा करने की बात कर रहे हैं। अर्चना ने कहा कि श्रीराम और भरत का ये प्रसंग हमें बताता है कि भाइयों के बीच परस्पर निस्वार्थ प्रेम होना चाहिए। जब भाई एक-दूसरे के सुख के लिए खुद का त्याग करते हैं तो इस रिश्ते में प्रेम हमेशा बने रहता है। मंच संचालन प्रमोद राय ने किया। इस मौके पर राष्ट्र सृजन अभियान के राष्ट्रीय महासचिव डा. ललितेश्वर कुमार, गोपालगंज के लोकपाल प्रशांत कुमार, गुठनी प्रखंड प्रमुख बुच्चन राय, लोजपा नेता विनोद तिवारी, मुखिया नूर नवाब अंसारी, हरिकांत सिंह, शानू राय, अनिल राय, अशोक राय, दिलीप राय, राजन तिवारी, मनोज दुबे, विशाल गोस्वामी, विकास कुमार, डा. विजय सिंह, सखिचंद साह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## नौवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने से बच्चों में खुशी

**आंदर (सिवान)** - प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की देखरेख में नौवीं कक्षा के छात्र- छात्राओं का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि वार्षिक परीक्षा में छात्र विशाल कुमार को 440, सूरज कुमार को 427, राधा कुमारी पांडेय को 427, विवेक कुमार को 421, नंदनी कुमारी को 417, खुशी कुमारी सिंह को 414, ज्योति कुमारी को 397, हिमांशु कुमार प्रसाद को 393, पूजा कुमारी को 370, तमन्ना खातून को 364, प्रियांशु कुमारी को 362 व प्राची कुमारी सिंह को 362 अंक मिले हैं। इन बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता- पिता का नाम रोशन की है। इस मौके पर शिक्षक धर्मवीर सिंह, मनोज सिंह, मो. अबू सालेह, प्रीति कुमारी, राकेश कुमार, संजीव कुमार, सावित्री कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने एमओआईसी को भेजा प्रंशसा पत्र

**आंदर (सिवान)** -प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए सूबे के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय द्वारा डाक के माध्यम से प्रशंसा पत्र भेजा गया है। बुधवार की शाम प्रशंसा पत्र पहुंचते ही चिकित्सकों सहित स्वास्थ्य कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रशंसा पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री द्वारा बताया गया है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा माह फरवरी 2025 में बिहार राज्य में सर्वाधिक बाह्य रोगियों को सेवा प्रदान किया गया है। इनके इस उत्कृष्ट कार्य एवं मरीज के प्रति सजगता से बाह्य रोगियों को सेवा मिला है। उनकी विशेषता और समर्पण से अनेक मरीजों को राहत और चिकित्सा सहायता भी मिली है, जो कौशल कर्मठता का प्रमाण है। प्रशंसा पत्र मिलने पर बुधवार की शाम स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक सह उत्प्रेरक मधुरेंद्र कुमार, जीएनएम प्रीतम कुमार, संतोष कुमार, सतीश कुमार, बबलू कुमार, नीतीश कुमार, विकास कुमार, राधा पांडेय, संजय शशांक समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने खुशी व्यक्त की।

## रामनवमी को ले जवानों ने किया फ्लैग मार्च, दिया शांति का संदेश

**आंदर (सिवान)**- प्रखंड मुख्यालय में बुधवार की शाम थानाध्यक्ष पप्पन कुमार के नेतृत्व में जवानों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च आंदर बाजार, जमालपुर, चिरईया मोड़, भवराजपुर मोड़ समेत अन्य गांवों में किया गया। इस दौरान लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने का संदेश दिया गया। साथ ही शरारती तत्वों को संदेश दिया गया कि रामनवमी के दौरान शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल नहीं बख्शा जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय में छह अप्रैल को रामनवमी पर्व के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसको शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च कर किया गया। फ्लैग मार्च में एसआइ मनीष कुमार, सतीश कुमार समेत दर्जनों जवान शामिल थे।

# जंक्शन पर अनावश्यक घूम रहे 15 युवकों को आरपीएफ ने पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जंक्शन पर आरपीएफ द्वारा रात्रि गश्त, जहरखुरनी व टीओपीबी के निगरानी के दौरान प्लेटफार्म पर अनावश्यक रुप से घूम रहे 15 युवकों को पकड़ा गया। साथ ही उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उनके नेतृत्व में एएसआइ राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल डीपी मिश्रा, कांस्टेबल जगतपाल यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल राजकुमार यादव द्वारा रात्रि गश्त के दौरान ज़हरखुरानी व टीओपीबी की निगरानी के क्रम में जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर फुट ओवरब्रिज के पास और प्लेटफार्म संख्या एक व चार के पश्चिमी छोर पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति मिले। सभी से प्लेटफार्म पर आने के संबंध में पूछताछ की गई। वहीं उनलोगों द्वारा ना तो कोई उचित कारण ही बताया गया और ना ही कोई वैध प्रमाण पत्र ही दिखाया गया। इसके बाद सभी को पोस्ट पर लाया गया। पकड़े गए युवकों में जनता बाजार थाना क्षेत्र के बसही निवासी नौशाद हुसैन, महाराजगंज थाना क्षेत्र के पोखरा निवासी हरेंद्र कुशवाहा, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पकवालिया निवासी रूपक कुमार, छपरा डोरीगंज निवासी कुंदन कुमार, रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठी निवासी सुदीप कुमार बिन, आंदर थाना क्षेत्र के बथवालिया निवासी छोटे सिंह, बेतिया के नरकटियागंज निवासी चंदन साह, सिसवन थाना क्षेत्र के बघौनी निवासी हरिकृष्ण यादव, विजय कुमार राम, छपरा निवासी अमित पासवान, संतोष साह, फिरोज अंसारी, राजेश प्रसाद, हरिहर महतो व आकाश कुमार गुजराती शामिल हैं।

